पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग),
भारत सरकार

****

'हर काम देश के नाम'

नई दिल्ली, कार्तिक 27, 1945
शनिवार, नवंबर 18, 2023

रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्षों के साथ 20 नवंबर, 2023 को नई दिल्ली में दूसरी भारत-ऑस्ट्रेलिया 2 + 2 मंत्रिस्तरीय वार्ता की सह-अध्यक्षता करेंगे

श्री राजनाथ सिंह और श्री रिचर्ड मार्लेस द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे

ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री श्री रिचर्ड मार्लेस रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह के साथ दूसरी भारत-ऑस्ट्रेलिया 2 + 2 मंत्रिस्तरीय वार्ता की सह-अध्यक्षता करने के लिए 19 से 20 नवंबर, 2023 तक भारत का दौरा करेंगे। रक्षा मंत्री मार्लेस और रक्षा मंत्री के बीच 20 नवंबर को रक्षा सहयोग पर एक द्विपक्षीय बैठक होगी, जिसके बाद 2 + 2 वार्ता होगी।

2+2 वार्ता की सह-अध्यक्षता रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्षों, उप प्रधान मंत्री और रक्षा मंत्री श्री रिचर्ड मार्लेस और विदेश मामलों की मंत्री सुश्री पेनी वोंग के साथ करेंगे। उद्घाटन के तौर पर 2 + 2 मंत्रिस्तरीय वार्ता सितंबर 2021 में नई दिल्ली में हुई थी।

भारत और ऑस्ट्रेलिया एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी का अनुसरण कर रहे हैं और मंत्री मार्लेस की यात्रा से द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और गति मिलने की उम्मीद है। 2+2 वार्ता और द्विपक्षीय रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान दोनों देशों के आपसी हित के व्यापक मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

अपनी यात्रा के दौरान मंत्री मार्लेस 19 नवंबर को अहमदाबाद, गुजरात में भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट विश्व कप फाइनल देखने जाएंगे।

एबीबी/एसएस